गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सचिवालय/2020

17.02.2020

1. सूची विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नंबर सी / 1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई - 400051	2. सूची विभाग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड मंजिल 1, फीरोज़ जीजीभॉय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400001

महोदय,

कृपया "**श्री मनोज जैन ने गेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया**" की प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है ।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है ।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :
ड्यूश बैंक एजी. फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

श्री मनोज जैन ने गेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

नई दिल्ली, 14 फरवरी, 2020 : श्री मनोज जैन ने आज गेल (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। ऑपरेशन मेनेजमेन्ट में एमबीए के साथ एक मैकेनिकल इंजीनियर, श्री जैन 1985 में ग्रेजुएट इंजीनियर प्रशिक्षु (ट्रेनी) के रूप में गेल में कार्यग्रहण किया और पदोन्नति क्रम के माध्यम से आगे बढ़ते हुए इस मुकाम पर पहुंचे। सीएमडी के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, श्री जैन कंपनी के निदेशक (व्यापार विकास) थे।

श्री जैन को व्यापार विकास, परियोजनाएं, ओ एंड एम, पेट्रोकेमिकल्स, पाइपलाइन इंटीग्रिटी मेनेजमेन्ट और गैस मार्केटिंग के क्षेत्र में विविध और समृद्ध अनुभव के आधार पर कई व्यावसायिक इकाइयों और कार्यात्मक क्षेत्रों में अंतर्दृष्टि और ज्ञान प्राप्त है।

निदेशक (व्यापार विकास) के रूप में भारत और विदेश में गेल के बिजनेस पोर्टफोलियो का निर्माण, विलय और अधिग्रहण, पेट्रोकेमिकल, ओ एंड एम और विस्तार, अन्वेषण और उत्पादन, आर एंड डी, स्टार्ट-अप, स्वास्थ्य सुरक्षा पर्यावरण और गुणवत्ता प्रबंधन, व्यापार और परियोजना विकास, नई पाइपलाइनों के लिए व्यवहार्यता अध्ययन और निवेश की मंजूरी, प्रक्रिया संयंत्र और नवीनीकरण आदि का कार्य देख रहे थे।

श्री जैन वर्तमान में गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक (जीजीयूआई), गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी (जीजीयूएल) और कोंकण एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष भी हैं।

इससे पहले, उन्होंने कार्यकारी निदेशक (मार्केटिंग-गैस) के रूप में गैस मार्केटिंग गतिविधियों में भी भूमिका का निर्वाह किया। श्री जैन ने ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड, (बीसीपीएल) के मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में बुनियादी स्तर पर लेपेटकाटा, असम में पेट्रोकेमिकल परिसर की स्थापना और प्रारम्भ की योजना भी बनायी।

श्री जैन ने प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के प्रचालन एवं अनुरक्षण में काम किया और राष्ट्रीय गैस प्रबंधन केंद्र (एनजीएमसी) की स्थापना और मिश्रित गैसों के संचरण और विपणन के लिए प्रणाली और प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।